कम्प्यूटर परिपत्र सं० 1516016 दिनांक 03/06/2015

पत्रसं0-ज्वा0कमि0 (वि0अनु0शा0) मु0/ स0प0/15-16 / आन लाइन शापिंग/ 576 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0
(वि0अनु0शा0-अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक 02 जून 2015

समस्त
जोनल एडीशनल कमिश्नर,
वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश

**विषय:- आन लाइन शापिंग पर होने वाले वाणिज्य कर अपवंचन को रोकने के सम्बन्ध में**

कृपया उपरोक्त विषयक मुख्यालय के पत्र सं0 384 दि0 13-05-2015 (कम्प्यूटर परिपत्र सं0 1516009 दि0 13-05-2015 ) का संदर्भ लेने का कष्ट करें, जिसके द्वारा ऑन लाइन शापिंग / कोरियर सर्विस प्रोवाइडर कम्पनियों का व्यवसाय करने वाली कम्पनियों / संस्थाओं / व्यक्तियों को अभियान चलाकर चिन्हित करते हुए उनके अधिक से अधिक पंजीयन कराए जाने / निर्धारित व्यवस्था के अनुरुप प्रपत्रों को रखे जाने एवं ऐसे सम्व्यवहारियों से सूचनाऍ प्राप्त कर करापवंचन पाये जाने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पन्न कराऍ जाने के निर्देश दिये गये है।

इस सर्म्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि कृपया अपने स्तर से इसका अनुश्रवण करते हुए अपने जोन मे की गयी कार्यवाही से सम्बन्धित सूचना निम्न प्रारुप में प्रत्येक माह की 05 तारीख तक नियमित रुप से मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें :-

**ऑन लाइन शापिंग / कोरियर सर्विस प्रोवाइडर कम्पनियों को पंजीकृत कराए जाने (सर्विस प्रोवाइडर नम्बर (SPN) )**

**संबंधित मासिक विवरण पत्र**

जोन का नाम-------------- विवरण माह-----------------

| क्र0सं0 | आन लाइन/ कूरियर सर्विस प्रोवाइडर कं0 की संख्या जिनके द्वारा आवेदन पत्र स्वत प्रस्तुत किये गये | प्रस्तुत आवेदन पत्रों के आधार पर प्रदान किये गये पंजीयन की संख्या | अस्वीकार किये गये आवेदन पत्रो की संख्या | अस्वीकार किये जाने का संक्षिप्त कारण | ऐसी कं0 की संख्या जिन्हें जांच के उपरान्त पंजीयन के दायरे में लाया गया | इनमे से जॉच के बाद पंजीयन हेतु कितनी कं0 द्वारा पंजीयन के लिये आवेदन किया गया | ऐसी क0 की संख्या जिन्हे जॉच के बाद पंजीयन दिया गया | निस्तारण हेतु अवशेष आवेदन पत्रो की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | | | | | |

01/06/15
(बी0 राम शास्त्री )
एडीशनल कमिश्नर,वाणिज्यकर,
उत्तर प्रदेश